अमर उजाला 02/04/2023

# रबनूर और तरुण ने जीती राष्ट्रीय ट्राफी



**अंबाला।** शहर के एमडीएसडी कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय कविता उच्चारण प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज की रबनूर और तरुण ने ट्रॉफी जीती। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि संस्था के लिए यह गौरव का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में चंडीगढ़, हिमाचल और अन्य राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। हमारे विद्यार्थियों ने जीत पर अपने सफल हस्ताक्षर किए। हिंदी विभाग के डॉ. अनीश कुमार ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं व्यक्ति की मौलिक प्रतिभा को जागृत एवं सार्वजनिक करने का माध्यम होती है। डॉ. राजेंद्र देशवाल ने बताया विद्यार्थियों ने बड़ी लगन एवं मेहनत के साथ इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी की थी। संवाद